दिन– रविवार दिनांक–17 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. दानापुर में अभ्यर्थियों की बड़ी संख्या के चलते आज से होने वाली सेना भर्ती बहाली स्थगित। अट्ठाईस नवम्बर से नए कार्यक्रम के तहत बहाली।

02. राज्य में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना–दो के अंतर्गत अगले पांच साल में पांच लाख घरों का निर्माण कराया जाएगा।

03. उत्तर से आने वाली हवाओं के चलते प्रदेश में ठंड में बढ़ोतरी। मौसम विभाग ने कहा कि सुबह और शाम के समय राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में घना कुहासा छाया रहेगा।

04. और, राजगीर में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता में भारत का मुकाबला आज जापान से होगा।

---

बिहार रेजिमेंटल सेंटर दानापुर में आज से शुरू होने वाली सेना भर्ती रैली के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। भर्ती रैली का आयोजन अब अट्ठाईस नवम्बर से जिलावार किया जाएगा। इस संबंध में बीआरसी की ओर से अधिसूचना जारी की गयी है। सेना की ओर से कहा गया है कि आर्मी में भर्ती के लिए बहुत बड़ी संख्या में उम्मीदवारों के शामिल होने की संभावना है। सभी इच्छुक उम्मीदवारों को अवसर मिल सके, इसके लिए तिथि बढ़ाई गयी है और जिलावार भर्ती का विस्तृत कार्यक्रम जल्द ही सूचित किया जाएगा।

---

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना –दो के अंतर्गत अगले पांच साल में पांच लाख घरों का निर्माण कराया जाएगा। नगर और आवास मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि प्रति वर्ष एक लाख आवास के निर्माण पर राज्य सरकार एक हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस से तीस तक इन आवासों का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। श्री नवीन ने कहा कि लाभार्थियों को केंद्र सरकार अब डेढ़ लाख रुपये की सहायता राशि भी देगी। इसके साथ ही अभिनव निर्माण तकनीक का उपयोग करने वाली परियोजनाओं में प्रति इकाई तीस वर्ग मीटर कारपेट एरिया के

लिए केंद्र सरकार की ओर से प्रौद्योगिकी नवाचार के रूप में प्रति वर्ग मीटर एक हजार रुपये का अतिरिक्त अनुदान दिया जाएगा।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में तेज़ी लाने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में और अधिक लोगों से अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाने और धरती को चिरस्थायी बनाने में योगदान देने का आग्रह किया।

———————————————————————

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने कहा है कि स्कूल संचालन अवधि में बच्चों के कोचिंग जाने पर पूरी तरह रोक है। उन्होंने कहा कि स्कूल के पठन–पाठन के समय नामांकित बच्चे कोचिंग में पाए जाने पर स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग के संवाद कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव ने कहा कि शिक्षकों को भी किसी भी सूरत में कोचिंग में पढ़ाना और उसके संचालन पर सख्त मनाही है।

———बाईट———

———————————————————————

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा है कि नई शिक्षा नीति से एक नए भारत की शुरूआत होगी। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि इसकी शुरूआत बिहार की धरती से हुयी है, जहां शिक्षा और ज्ञान का केंद्र आदिकाल से ही रहा है। श्री कोविंद कल सासाराम के जमुहार में एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

———————————————————————

सक्षमता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को जिला आवंटन शिक्षा विभाग करेगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि इस बार के सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों को जिला का आवंटन समिति ने नहीं किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की काउंसिलिंग भी शिक्षा विभाग करायेगा। अध्यक्ष ने कहा कि तृतीय सक्षमता परीक्षा छब्बीस से इकतीस दिसम्बर के बीच लिए जाने की संभावना है।

गौरतलब है कि दूसरे चरण की सक्षमता परीक्षा का परिणाम कल जारी किया गया है, जिसमें पैंसठ हजार सात सौ सोलह अभ्यर्थी सफल घोषित किये गये हैं।

---

शिक्षा मंत्रालय ने छात्रों के लिए बारह अंक का अपार आईडी वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट अनिवार्य कर दिया है। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के एक अधिकारी ने बताया कि इक्कीस से पच्चीस नवम्बर तक स्कूलों में इस आईडी को बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश भेजे गए हैं।

---

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकतंत्र के संरक्षण में मीडिया की भूमिका पर बल दिया है। श्री वैष्णव ने फर्जी खबरों से निपटने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए डिजिटल मीडिया की जवाबदेही का आह्वान किया है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रेस दिवस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म को ऐसे समाधान खोजने चाहिए जो उनके कंटेंट से समाज पर पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हों। वहीं, सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने कहा कि फेक न्यूज वर्तमान समय में एक बड़ी चिंता का विषय है।

---

आयुष्मान वय वंदना कार्ड के शुरू होने के तीन सप्ताह के दौरान दस लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने अपना नामांकन कराया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इनमें से लगभग चार लाख नामांकन महिलाओं द्वारा किए गए हैं। इस कार्ड के जारी होने के बाद से नौ करोड़ रुपये से अधिक के उपचारों को अधिकृत किया गया है।

---

राजगीर में खेले जा रहे महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता में भारत का मुकाबला आज अंतिम ग्रुप–स्टेज मैच में जापान से होगा। यह मुकाबला शाम चार बज कर पैंतालीस मिनट पर शुरू होगा। भारत ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार विजय का सिलसिला जारी रखते हुए चीन को कल शून्य के मुकाबले तीन गोल से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की है। भारत की ओर से कप्तान सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और दीपिका ने एक–एक गोल किया। इस जीत के साथ मेजबान

भारतीय टीम चार मैचों में बारह अंक हासिल कर पहले पायदान पर पहुंच गई है। उधर, जापान ने अपने पिछले मैच में मलेशिया को दो – एक से हराकर महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पहली जीत दर्ज की। कोरिया और थाईलैंड के खिलाफ उसका मैच ड्रा रहा जबकि चीन से उसे हार का सामना करना पड़ा। अन्य मैचों में चीन का मुकाबला दक्षिण कोरिया से और मलेशिया का सामना थाईलैंड से होगा।

वहीं, मुजफ्फरपुर जिले में संपन्न अंडर फोर्टिन बालक वर्ग हॉकी प्रतियोगिता में बक्सर ने खगड़िया को तीन गोलों से पराजित कर राज्य स्तरीय बालक हॉकी प्रतियोगिता जीत ली।

———————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कृषि योजनाओं की समीक्षा करने बाद कहा कि राज्य में जीविका दीदियां भी कृषि कार्य में शामिल की जायेंगी। इसके साथ ही कृषि समन्वयक और कृषि सलाहकारों के पंचायत स्थित कार्यालय में प्रति दिन उपस्थित होने का आदेश दिया गया है।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश भागों के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कमी जारी है। उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के प्रभाव से ठंड में बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी आ सकती है। इधर, विभाग ने पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, किशनगंज, अररिया समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में अधिकांश स्थानों पर अगले दो दिनों तक सुबह और शाम के समय अत्यधिक घना कोहरा छाये रहने की संभावना को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, सहरसा समेत कुछ अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने कहा है कि इस दौरान अन्य स्थानों पर भी घना कोहरा छाया रहेगा।

———बाईट———

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह खनन मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि अवैध खनन की सूचना देने वालों को खनन विभाग बिहार योद्धा पुरस्कार देगा। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र को स्वच्छ और सुचारू ढंग से चलाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————————

राज्य लोक प्रशासन और ग्रामीण विकास संस्थान ने विकसित बिहार दो हजार सैंतालीस का सर्वे शुरू किया है। इसके लिए विभाग ने आम लोगों से अपने विचार साझा करने का अनुरोध किया है। विभाग ने कहा है कि दो हजार सैंतालीस में हमारा देश अपनी आजादी का सौवां वर्ष मना रहा होगा, उसके लिए आम लोगों की आवाज और दृष्टिकोण आवश्यक है।

———————————————————————————

स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर के उपभोक्ता अगर निर्धारित क्षमता से अधिक बिजली की खपत करेंगे, इसके बाद भी उन्हें जुर्माना नहीं देना होगा। बिजली कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि इस आशय का प्रस्ताव बिहार विद्युत विनियामक आयोग को भेजा गया है। आयोग के निर्णय के बाद एक अप्रैल से इस नियम को लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में निर्धारित लोड से अधिक खपत करने पर उपभोक्ताओं को तीन गुना अधिक जुर्माना देना होता है।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले में जमीन के फर्जी कागजात बनाने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिले के बगहा—एक प्रखंड की सीओ नर्मदा श्रीवास्तव ने बताया कि एक व्यक्ति की शिकायत पर जांच के बाद यह कार्रवाई की गयी है। सीओ ने कहा कि गिरफ्तार लोगों में एक व्यक्ति सरकारी शिक्षक है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के पास सेएक लैपटॉप, दो मोबाइल और कुछ दस्तावेज बरामद किये गये हैं।

———————————————————————————

राज्य के पांच पैक्सों का चुनाव स्थगित कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन प्राधिकार के अनुसार सारण जिले के रामपुर, पूर्वी चम्पारण के सिसवा सोबू और पकड़ी दीक्षित, नवादा के सोन सिहारी तथा दरभंगा के गरौल पैक्स का चुनाव स्थगित किया गया है।

———————————————————————————

पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने दाखिल–खारिज में देरी और अनियमितता बरतने के आरोप में पालीगंज और दानापुर के अंचलाधिकारियों पर पांच–पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने अपहरण कांड के एक आरोपी को एक पिस्तौल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, सीतामढ़ी जिले की पुलिस ने दो अपराधियों को देशी पिस्तौल और ब्राउन शुगर के उनहत्तर पुड़िया के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......
आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाले से लिखा है – आतंकी अपने घरों में डरने लगे। एक निजी मीडिया समूह के कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा– केंद्र सरकार में लोगों का भरोसा बढ़ा है।

**दैनिक जागरण** ने पटना में बार–बार यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है – बार–बार ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले पांच हजार सात सौ चौबीस लोगों का ड्राईविंग लाईसेंस किया जाएगा निलंबित। यातायात पुलिस ने परिवहन विभाग को भेजा प्रस्ताव।

**दैनिक भास्कर** ने रेल पुलों पर लिखा है – पूर्व मध्य रेलवे सौ साल से भी अधिक पुराने दो हजार नौ सौ इक्यावन पुलों पर नॉर्मल स्पीड से दौड़ रही रेलगाड़ियां।

**प्रभात खबर** लिखता है – राज्य में पुआल जलाने वाले बारह हजार चार सौ छब्बीस किसानों को तीन वर्षों तक नहीं मिलेगा योजनाओं का लाभ। बिते साल दो हजार सात सौ सत्तानवे किसानों को योजनाओं से किया गया था वंचित।

**दैनिक आज** की सुर्खी है – दानापुर सेना भर्ती दौड़ में हंगामा, बेकाबू अभ्यर्थियों पर लाठी चार्ज।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.........

01. दानापुर में अभ्यर्थियों की बड़ी संख्या के चलते आज से होने वाली सेना भर्ती बहाली स्थगित। अट्ठाईस नवम्बर से नए कार्यक्रम के तहत बहाली।

02. राज्य में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना–दो के अंतर्गत अगले पांच साल में पांच लाख घरों का निर्माण कराया जाएगा।

03. उत्तर से आने वाली हवाओं के चलते प्रदेश में ठंड में बढ़ोतरी। मौसम विभाग ने कहा कि सुबह और शाम के समय राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में घना कुहासा छाया रहेगा।

04. और, राजगीर में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता में भारत का मुकाबला आज जापान से होगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।